# कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

## :: कार्यालय आदेश ::

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक–शिविरा–मा/संस्था/सी–7/स्थानान्तरण/हिन्दी/ 2021 दिनांक–25.09.2021 के तहत् श्री गुरप्रीत सिंह, व्याख्याता–हिन्दी, राउमावि, आबू पर्वत (सिरोही) का स्थानान्तरण राउमावि, उपलागढ (सिरोही) किया गया तथा श्रीमती प्रतिभा चतुर्वेदी, व्याख्याता–हिन्दी, राउमावि, कोजरा (सिरोही) का स्थानान्तरण राउमावि, आबू पर्वत (सिरोही) किया गया। जिसकी पालना में श्रीमती प्रतिभा चतुर्वेदी, व्याख्याता–हिन्दी ने उक्त विद्यालय में दिनांक–04.10.2021 को ऑनलाईन कार्यग्रहण कर लिया। उक्त स्थानान्तरण के विरूद्ध श्री गुरप्रीत सिंह ने माननीय सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर में अपील सं.–4552/2021 गुरप्रीत सिंह बनाम राज्य सरकार दायर की।

माननीय अधिकरण ने अपने निर्णय दिनांक–18.10.21 में विवादग्रस्त आलोच्य आदेश दिनांक–25.09.21 का कियान्वयन अपीलार्थी के पदस्थापन के संबंध में अधिकरण के आगामी आदेश तक स्थगित रहेगा एवं साथ ही यह स्पष्ट किया है कि अपीलार्थी को वहीं कार्यरत रखा जावें जहॅा पर वह चुनौती आदेश पारित किये जाने से पूर्व कार्यरत था तथा यह भी स्पष्ट किया है कि प्रत्यर्थी विभाग नियमानुसार स्थानान्तरण करने हेतु स्वतंत्र है तथा ऐसे स्थानान्तरण पर उक्त बाधक नहीं रहेगा।

अतः प्रशासनिक अत्यावश्यकता, छात्रहित एवं राउमावि, आबू पर्वत (सिरोही) में व्याख्याता–हिन्दी के पद पर दोहरे पदस्थापन के निवारणार्थ एवं माननीय अधिकरण के निर्णय की पालना में श्री गुरप्रीत सिंह, व्याख्याता–हिन्दी का नवीन आदेश प्रसारित करते हुए पुनः पदस्थापन राउमावि, उपलागढ (सिरोही) में किया जाता है। संबंधित कार्मिक आदेश की तत्काल पालना सुनिश्चित करें।

इन्हें उक्त पदस्थापन पर योगकाल एवं यात्रा भत्ता नियमानुसार देय होगा।

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

(काना राम)
आई.ए.एस.
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

क्रमांक: शिविरा/माध्य/संस्था/सी–7/हिन्दी/को.के./गुरप्रीत सिंह/4552/2021 दिनांक– 01.04.2022

➢ प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. संयुक्त विधि परामर्शी शिक्षा (विधि प्रकोष्ठ) विभाग जयपुर
2. संबंधित संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा।
3. संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) स्कूल शिक्षा
4. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा, सिरोही
5. जि.शि.अ. (माध्य–विधि) जयपुर
6. विधि अनुभाग, कार्यालय हाजा
7. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु
8. संबंधित प्रधानाचार्य/कार्मिक/रक्षित पंजिका।

संयुक्त–निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर